प्रदूषण — सीवरेज पाइपलाइन टूट गई है, जिसके कारण हजारों लीटर गंदा पानी सीधे सूखी नदी में मिल रहा

# पानी एक जगह जमा होने से दुर्गंध फैल रही

**नवभारत,नरसिंहपुर,साईंखेड़ा।** नगर के बीच से गुजरने वाली नदी, जो इन दिनों सूखी पड़ी है, अब प्रदूषण की मार झेल रही है। नदी के रास्ते से होकर जाने वाली मुख्य सीवरेज पाइपलाइन (Sewerage Line) टूट गई है, जिसके कारण हजारों लीटर गंदा पानी सीधे सूखी नदी में मिल रहा है। इस रिसाव के कारण नदी का तल एक गंदे नाले में तब्दील होता जा रहा है। चूँकि नदी में पानी का बहाव नहीं है, यह दूषित पानी एक जगह जमा हो रहा है, जिससे इलाके में भयंकर दुर्गंध फैल गई है।

### मुख्य समस्या

टूटी पाइपलाइन नदी के किनारे या रास्ते से बिछाई गई सीवरेज लाइन में टूट-फूट हो गई है। नदी में प्रदूषण घरों से निकलने वाला सारा गंदा पानी (मल-जल) बिना किसी उपचार के सीधे नदी में जा रहा है। सूखी नदी बनी जंजाल नदी सूखी होने के कारण यह गंदा पानी बह नहीं पा रहा है। यह एक जगह इकट्ठा हो गया है, जिसने तालाब का रूप ले लिया है। कटाव- लगातार पानी बहने के कारण एक मुख्य समस्या अलग से बनी हुई है यहां की मिट्टी का कटाव हो रहा है ।



### स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा

नदी किनारे रहने वाले लोगों का कहना है कि अगर ऐसे ही कटाव होता रहा तो हमारे घर नदी में तब्दील हो जाएंगे स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस जमा हुए गंदे पानी के कारण मच्छरों और कीटाणुओं का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य जल जनित बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

इसके अलावा, यह गंदा पानी ज़मीन के नीचे रिसकर भूजल को भी प्रदूषित कर सकता है, जिससे पीने के पानी की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग नदी पहले से ही सूखी थी, और अब इस गंदे पानी ने इसे एक नाला बना दिया है। यहाँ खड़ा होना भी मुश्किल है। नगरवासियों ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए नगर परिषद और संबंधित प्रसाशनिक अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों की मांग है कि इस टूटी हुई सीवरेज लाइन की तुरंत मरम्मत की जाए और नदी में जमा गंदगी को साफ करने के लिए कदम उठाए जाएं, ताकि किसी भी बड़ी स्वास्थ्य आपदा से बचा जा सके।

## कटकुही से मुंगवानी, सिलवानी जाने का रास्ता बनाने की मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत कटकुही से निनाई गांव होते हुए सिलवानी बरहटा सड़क का निर्माण पीएम सड़क के माध्यम से कराने ग्रामीण मांग कर रहे हैं। यह सड़क वर्तमान समय में पूरी तरह से कच्ची है। जिसके कारण बारिश में पूरी सड़क पर दलदल हो जाने से चार माह तक उक्त सड़क बंद रहती है। कटकुही पंचायत से मुंगवानी सिलवानी जाने का शार्टकट रास्ता है। जिसका उपयोग अन्य मौसम में वाहन वालों से लेकर पैदल आने जाने वाले करते रहते है। गांव के लोगों ने बताया कि यदि इस सड़क का निर्माण कर दिया जाता है तो यहां के लोगों को बहुत राहत मिलेगी। वहीं मुंगवानी से आने वाले भी सहजता के साथ निनाई से क टकुही और नगवारा श्रीनगर गांव आ जा सकते है। जिस प्रकार विभाग ने पहाड़ीखेड़ा गांव की सड़क का निर्माण करवाया है, उसी प्रकार कटकुही से निनाई होते हुए सिलवानी तक डामर सड़क का निर्माण करवाने की दिशा में कदम उठाए। यहां पर वनविभाग की जमीन अवश्य पड़ती है, जहां पर किसी प्रकार का जंगल नहीं है और ना ही कोई नए पौधे रोपित किए गए है। यहां पर आने जाने कच्चा रास्ता है इस कच्चे रास्ते को पक्का करने की जरूरत आदिवासी परिवार के सदस्य कर रहे है।

# बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान योजना के प्रचार-प्रसार एवं जानकारी के लिए गोटेगांव शहर वितरण केंद्र अंतर्गत गौरादेवी वार्ड नया बाजार में शिविर आयोजित किया गया। योजना का उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिलों से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता अपने पुराने बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

जिसमें सरचार्ज (विलंब भुगतान अधिभार) में भारी छूट दी जा रही है। यह योजना तीन माह या उससे अधिक समय से बिजली बिल जमा न करने वाले सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है। शहरी क्षेत्र अधिकारी गोटेगांव जे.ई कपिल कुशवाहा ने बताया समाधान योजना मध्यप्रदेश सरकार की एक विशेष उपभोक्ता राहत योजना है, जिसके तहत




बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों के भुगतान में छूट का अवसर दिया गया है। उपभोक्ता यदि निर्धारित अवधि में बिल जमा करते हैं तो उन्हें विलंब भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में 60 से 100 प्रतिशत तक की माफी दी जाएगी। पहला चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को विलंब भुगतान अधिभार में 60 से 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान रहेगा। शिविर में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी और अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ लेकर अपने बकाया बिल जमा करें। जनहित में अपील मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे समाधान योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिल समय पर जमा करें, जिससे उनका विद्युत कनेक्शन सुचारू रूप से चालू रहे और उन्हें भविष्य में अतिरिक्त सरचार्ज का भुगतान न करना पड़े।

# अलग-अलग स्थानों से जप्त किये धारदार हथियार

**नवभारत,गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस जब पुलिस द्वारा नगर में गस्त की जा रही थी उसी दौरान नगर के पतलोन रोड पर एक युवक अपने हाथ में तेज धारदार हथियार लेकर घुमते हुये पाये जाने पर पुलिस द्वारा युवक को पकड़ते हुये उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम मकेश उर्फ रूचिल उर्फ चील पिता रमेश उर्फ रामेन्द्र सोनी निवासी जगदीश वार्ड बताया गया। इसी प्रकार से नगर के चीचली फाटक के पास विजस उर्फ विज्जू पिता ब्रजमोहन बाल्मीक निवासी पाटी टंकी के पास से भी धारदार चाकू जप्त कया गया। इस तरह पुलिस ने अलग अलग स्थानों से आरोपियों के पास धारदार हथियार जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरफ्तार किये गये है।

# पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**नवभारत,गोटेगांव।** बीते दिनों आजाद वार्ड निवासी यशवंत राय उम्र 29 वर्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर, आवेदन देकर छह लोगों पर गंभीर मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। आवेदन के अनुसार प्रदीप पटेल, जो कथित रूप से सट्टा-जुआ खिलाता है, यशवंत राय को लोहे के राइजर से बेरहमी से पीटा और अभद्र गालियां दीं। हमले में यशवंत के दोनों हाथों और पीठ पर गंभीर चोटें आईं, जिनमें लगभग दो गुणा छह इंच की सूजन और दो



गुणा तीन इंच का घाव बताया गया है। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद जब वह थाना गोटेगांव में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो उसकी शिकायत नहीं लिखी गई। आवेदन में आगे कहा गया है कि आशीष राय ने यशवंत का मोबाइल फोन, जिसमें दो सिम थीं एक नंबर 7694912930), छीन लिया और 20 हजार रुपये नकद भी लूट लिए।

# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस हर मजदूर वर्ग एवं किसान हित के साथ-साथ ऐसे कई जन सरोकार से जुड़े मुद्दों पर हमेशा अग्रसर रहने वाली जन एकता समिति श्रीधाम एक बार फिर अन्यदाताओं के सम्मान में जन एकता समिति श्रीधाम मैदान में, अन्नदाताओं की बनी आवाज, क्षेत्रीय किसानों की सिंचाई से जुड़ी गंभीर समस्या को लेकर बीते दिवस अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एस.डी.एम श्रीमती संघमित्रा बौद्ध गोटेगांव को ज्ञापन सौंपा।



जन एकता समिति ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई खरीदी के बाद अब किसान रबी फसल की तैयारी में जुटे हैं, किंतु खेतों की सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं होने से परेशान हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि किसानों द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए मोटर पंपों का उपयोग किया जाता है, किंतु बिजली व्यवस्था में बार-बार बाधा आने से फसल बोनी प्रभावित हो रही है। किसानों ने बताया कि कई बार ट्रांसफार्मर जल जाने या वोल्टेज कम रहने से भी सिंचाई कार्य रुक जाता है, जिससे फसल की तैयारी प्रभावित होती है। जन एकता समिति के अध्यक्ष मुकेश सोनी, उपाध्यक्ष राजेश चौकेसे सहित कई ग्रामीणों ने मांग की है कि सिंचाई सीजन को ध्यान में रखते हुए खेतों की बिजली सप्लाई 24 घंटे निरंतर और सुचारू रखी जाए, ताकि किसान निर्बाध रूप से अपनी फसल तैयार कर सकें। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि खेतों के लिए आवश्यक बिजली आपूर्ति में तत्काल सुधार किया जाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके और सिंचाई कार्य समय पर पूरा हो। वही जल्द समस्या का समाधान न होने पर जनित समिति ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो हमारा संगठन जिला स्तर पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी।



# हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

**नवभारत,करेली।** विगत मंगलवार को स्वर्गीय पंडित हरनारायण शर्मा की डेढ़ वर्ष पूर्व मदार टेकरी में हत्या का खुलासा नहीं होने ओर अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा हत्या करने बालो की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर पुलिस थाना निरीक्षक रत्नाकर को लिखित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष समाज सेवी मुकेश बसेड़िया के द्वारा सौंपा गया। पुलिस थाना करेली के निरीक्षक को अवगत कराया कि यदि एक सफ्ताह के अंदर श्री शर्मा की हत्या करने वाले का खुलासा ,गिरफ्तारी नहीं होती तो प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होंगी।

### एक नजर में

## उर्दू अकादमी का मुशायरा एवं शाम ए गजल कार्यक्रम 16 को तेंदूखेड़ा में

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग का ज़िला अदब गोशा नरसिंहपुर का ज़िला स्तरीय कार्यक्रम सिलसिला (मुशायरा) एवं सांगीतिक कार्यक्रम शाम ए ग़ज़ल 16 नवम्बर रविवार दोपहर 12 बजे से आज़ाद पैलेस तेंदूखेड़ा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ज़िले के क़लमकार अपने कलाम पेश करेंगे। शाम ए ग़ज़ल कार्यक्रम में प्रसिद्ध सूफ़ी ग़ज़ल सिंगर मनीष शुक्ला अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। इस आशय की जानकारी मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के ज़िला संयोजक अनीस शाह द्वारा दी गई है और आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम में सुधिश्रोता अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

## ठंड ने दी दस्तक, निकलने लगे गर्म कपड़े

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में ठंड में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह-शाम अब सर्दी के चलते ऊनी कपड़े पहनने लगे हैं। और कपड़ा दुकानों पर भी अब गर्म कपड़ों की पूंछ परख शुरू हो गई है। जानकार लोगों का कहना है कि अधिक बरसात के कारण इस वर्ष अधिक कड़ाके की सर्दी पड़ने की उम्मीद है। जिसे देखते हुए आम यात्रियों को बस स्टैंड से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर बचाव संबंधी प्रयास स्थानीय प्रशासन से करने की उम्मीद जताई जा रही है।

## गुरुकुलम भूमिपूजन कार्यक्रम आज

**नवभारत,गाडरवारा।** आदि शंकराचार्य गुरुकुलम के नवीन भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम पूज्य गुरुदेव सोमेश परसाई द्वारा उदय प्रताप सिंह मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मध्यप्रदेश एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में साईखेड़ा विकासखंड के ग्राम पतलोन में आज 13 नवम्बर को दोपहर दो बजे से किया जा रहा है। रविंद्र कुमार सिंह निर्देशक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मध्यप्रदेश ने सभी से उपस्थिति की अपील की है। निर्देशक सिंह ने बीते बुधवार को आयोजक की तैयारियो का जायजा लेकर आवश्यक बैठक ली एवं जरुरी निर्देश दिये।

## नि:शुल्क अयर्वेद चिकित्सा शिविर लगा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में और जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बचई के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बचई में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान बालकों को दिनचर्या एवं ऋतुचर्या का पालन करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नि:शुल्क जांच कर औषधियों का वितरण किया गया।

## जिला युवा उत्सव 2025 का आयोजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में किया गया

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के मार्गदर्शन में जिला युवा उत्सव 2025 का आयोजन विगत दिवस शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में किया गया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मान किया गया। एकल विद्या में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान एवं समूह विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 15 नवबंर 2025 जबलपुर में अपनी कला का प्रर्दशन करेगें।

## राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिले के गाडरवारा स्थित पुराना कॉलेज के रूद्र मैदान में 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 13 नवंबर को सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी और विशिष्ट अतिथि रूप में पूर्व विधायक नरेश पाठक व साधना स्थापक, नपा अध्यक्ष गाडरवारा शिवाकांत मिश्रा और रामसनेही पाठक मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में टीमों का आगमन हो चुका है। आयोजन समिति ने समस्त जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है। उल्लेखनीय है कि 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता 19 आयु वर्ग के बालक/ बालिका का आयोजन 13 नवंबर से 17 नवंबर तक होगी।



## लोगों ने की सोकलपुर घाट पर साफ-सफाई

**नवभारत,गाडरवारा।** नर्मदा समाजसेवी संस्था के तत्वावधान में रविवार को ग्राम सोकलपुर नर्मदा घाट पर एक विशेष महा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस पुनीत कार्य में लगभग 20 ग्रामों के संस्था पदाधिकारी एवं सैकड़ों नागरिक शामिल हुए, जिससे घाट की तस्वीर बदल गई। अभियान के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर घाट की व्यापक साफ-सफाई की। सफाई कार्य संपन्न होने के पश्चात, सभी मौजूद लोगों द्वारा माँ नर्मदा की विधि-विधान से पूजन एवं आरती की गई। संस्था के अध्यक्ष भैया रावत ने इस सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही यह पुनीत कार्य सफल हुआ है, और हम् सभी के सहयोग के लिए हृदय से आभारी हैं। इस महाअभियान के दौरान खुर्सीपार से श्रवण पटेल द्वारा सभी उपस्थित सैकड़ों लोगों के लिए भोजन प्रसादी क व्यवस्था रखी गई थी। भोजन प्रसादी क व्यवस्था में उनके साथ लगभग 25 सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था के कई प्रमुख सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अनुविभाग तहसील बनने से 150 गांव होंगे लाभांवित

## साईखेड़ा अनुविभाग बनाने की उम्मीद एवं मांग प्रबल हुई

**नवभारत,सांईखेड़ा।** अनुविभाग व सालेचौका तहसील बनाने की मांग क्षेत्र वासी विगत अनेक वर्ष से कर रहे हैं एवं विभिन्न माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत भी करा चुके हैं, विगत वर्ष मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में संभाग, जिला, अनुविभाग तहसील, विकासखंड की सीमाओं का पुन: निर्धारण करने एवं नवीन जिले अनुविभाग तहसील के गठन के लिए जिला पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया है।




क्षेत्र के नागरिकों में साईखेड़ा अनुविभाग बनाने की उम्मीद एवं मांग प्रबल हुयी है, नागरिकों का कहना है कि गाडरवारा अनुविभाग में वर्तमान में 350से अधिक ग्राम सम्मिलित हैं जिस कारण गाडरवारा एसडीएम आफिस में अधिक भार रहता है लोगों को भारी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है लोगों के काम नहीं हो पाते दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक 40 किलोमीटर की दूर गाडरवारा एसडीएम आफिस जाना पड़ता है लेकिन वहा पर भीड अधिक होने के कारण काम नहीं हो पाते हैं, जिससे समय और श्रम की हानि होती है एवं आर्थिक बोझ भी पड़ता है, यदि साई खेड़ा अनुविभाग गठित किया जाए तो साईखेडा तहसील के 90 एवं सालेचौका क्षेत्र के 60 कुल 150 से भी अधिक ग्रामो के नागरिकों जिसमें गरीबों किसानों मजदूरों, व्यापारी, विद्यार्थी सम्मिलित हैं सभी को लाभ मिलेगा साईखेडा अनु विभाग गठित होने से गाडरवारा अनु विभाग में 150 के लगभग गाँव कम हो जाएगा जिससे गाडरवारा एसडीएम आफिस में भी वर्क लोड कम जाएगा एवं लोगों के काम समय से होने लगेगे एवं साईखेडा, गाडरवारा नगरो में प्रशासनिक कसावट आयेगी एवं शासकीय योजनाओं की आम नागरिकों तक पहुँच आसान होगी।

# दिव्यांग खिलाड़ियों ने लहराया परचम, जीती ट्राफी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** 9 नवम्बर 2025= शहर के दिव्यांगजनों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा आयोजित वार्षिक विंटर गैम (Winter Games) में इस वर्ष अमन सदभावना शिक्षण प्रशिक्षण कल्याण समिति के दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई ट्राफियाँ जीतकर संस्था और प्रदेश का नाम रोशन किया। यह आयोजन दिनांक 9 नवम्बर 2025 को संपन्न हुआ। हौसले की उड़ान दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रोटरी क्लब द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विंटर गैम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वर्गों के दिव्यांग खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




इस खेल आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना था। प्रतियोगिता में अमन सदभावना समिति के खिलाड़ियों ने अपनी खेल भावना और जबरदस्त प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कमेटी के कोर्डिनेटर कमलेश रजक और समिति अध्यक्ष रेवती खांडेकर के मार्गदर्शन में, खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई ट्राफियाँ अपने नाम कीं। विजेता खिलाड़ियों ने किया गौरवान्वित ट्रॉफी जीतने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में नीलेश यादव, डेनी पाल, मधु, विनीत यादव, केलास, बारीबा, बाबूलाल यादव, हसन खान, रस्मी टान्क, अनुराग लखेरा, सुनील मेहरा, हीरावती, संगीता, पंचम, राजेश कुशवाहा, जितेंद्र चौरसिया और रवि कुमार शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों की जीत ने सिद्ध कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन से कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। स्पेशल ओलम्पिक का रहा विशेष सहयोग इन खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में स्पेशल ओलम्पिक भारत मध्य प्रदेश परिवार की टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया। टीम ने दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेलों को व्यवस्थित और सहज बनाया। इस कार्य में स्पेशल ओलम्पिक के खेल निर्देशक एहतिशाम उद्दीन के साथ-साथ राजेंद्र बरस्कार, भूपेंद्र, इकराम खान, प्रभात रही और पुष्पेंद्र कुशवाहा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके सहयोग से ही खिलाड़ियों को एक निष्पक्ष और उत्साहवर्धक माहौल मिला। अमन सदभावना शिक्षण प्रशिक्षण कल्याण समिति ने सभी सहयोगियों और रोटरी क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिनके प्रयासों से दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह सुनहरा अवसर मिला। यह जीत प्रदेश के समस्त दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

